**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2023 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री पवन कुमार सिंह, मा० सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या-36 का उत्तर:**

| | | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 36 | (क) | क्या उपमुख्यमंत्री (ग्रामीण अभियंत्रण) बतायेंगे कि जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महोली के ग्राम पंचायत कुंवरपुर लच्छा के ग्राम महमूदपुर में बालक के मकान से चिरन्जू के मकान तक की दूरी जो लगभग 60 मीटर है, का मार्ग अत्यंत ख़राब है और पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है? | जनपद सीतापुर के विकास खण्ड महोली के ग्राम पंचायत कुवंरपुर लच्छा के ग्राम महमूदपुर में बालक के मकान से चिरन्जू के मकान तक मार्ग लगभग 30 मी० है। उक्त मार्ग पर खड़ण्जा लगा हुआ है। |
| | (ख) | यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निदान हेतु इंटरलॉकिंग सड़क तथा पानी निकासी हेतु नाली का निर्माण कराएँगे? | ग्रामीण अभियंत्रण विभाग में नव निर्माण/अनुरक्षण हेतु कोई विभागीय बजट का प्राविधान न होने के कारण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है । |
| | (ग) | यदि हाँ, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता। |
| | (घ) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग ।